**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**नवकार महामंत्र दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आध्यात्मिक प्रार्थना– नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं है बल्कि आस्था का केन्द्र है। आज नई दिल्ली् में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस महामंत्र का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं है बल्कि यह जीवन की कुंजी है। उन्हों्ने कहा कि यह महामंत्र स्व से समाज और जन से जग तक की यात्रा का पथ दर्शाता है।

आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने 108 से अधिक देशों से आए लोगों के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पावन मंत्र है।

**प्रधानमंत्री–शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वषपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी। प्रधानमंत्री कल रात नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के आयोजन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि वर्ष 2025 के शुरूआती सौ दिनों में सरकार ने न केवल महत्वपूर्ण फैसले किए बल्कि भविष्य की सुदृढ़ नींव भी रखी। उन्होंने कहा कि पिछले सौ दिनों की उपलब्धियां दर्शाती हैं कि भारत की प्रगति अब रोकी नहीं जा सकती।

**वेव्स शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू अहमदाबाद में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय बैठक में भाग ले रहे हैं। कल हुई बैठक में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर सुझाव दिए। इस दौरान कांग्रेस की जिला कमेटियों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। पार्टी की आज होने वाली बैठक में सुखविन्द्र सिंह सूक्खू प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी देंगे। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

**हिमाचल दिवस**

हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि पांगी में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इस भव्य आयोजन में राज्य के विभिन्न ज़िलों के नाट्य दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

**श्रीकांत शर्मा**

प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी विचारों के आधार पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने धर्मशाला में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान में भाग लिया। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के योगदान से भाजपा विचारों के आधार पर बड़े पैमाने पर अनुसरण की जाने वाली पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में साढ़े 13 करोड़ से अधिक लोग भाजपा से जुड़े हैं और 10 लाख से

अधिक पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं जबकि 6 लाख बूथों पर बूथ अध्यक्ष बनाए गए हैं। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना विकसित भारत 2047 को पूरा करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मजबूती से कार्य करने की आवश्यकता है।

**मौसम**

प्रदेश में तापमान में बढ़ौतरी जारी है और खासतौर पर मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर मौसम करवट बदलेगा जिससे प्रदेश के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा की सम्भावना है। इस दौरान विभाग ने कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे नमस्कार ।**